डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | माघ शुक्ल पक्ष 04 – 2082 | भोपाल, दिन गुरुवार, दिनांक 22 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

बालाजी बायो प्रदूषण मामले में एचसी ने मांगा जवाब

भोपाल। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में 19 जनवरी 2026 को बालाजी बायो द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण संबंधी शिकायतों पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। यह सुनवाई मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की संयोजित के समक्ष संपन्न हुई। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन से जवाब तलब किया तथा सभी संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है। इस जनहित याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रभात कुमार यादव ने पैरवी की।

मनिटः नवाचार और उत्साह का महाकुंभ आज से

भोपाल। गुरुवार से मैनिट में नवाचार और उत्साह के महाकुंभ-मैनिफिक एक्स टेक्नोसर्च 2026 की शुरुआत होने जा रही है। मैनिट परिसर में चार दिन दिन चलने वाले नवाचार और रचनात्मकता से सराबोर होने जा रहा है। गुरुवार से 26 जनवरी तक आयोजित मैनिफिक एक्स टेक्नोसर्च 2026 चार दिनों तक तकनीकी, प्रतिस्पर्धा, कला और सामाजिक सरोकारों का व्यापक प्रस्तुत करेगा। इस प्रतियोगिताओं, कॉन्क्लेव और शोकेस का मेहमान छात्र और संस्थाओं द्वारा किया जाएगा। पहले दिन सबसे खास कार्यक्रम होंगे। विक्स इंडिया द्वारा आयोजित इनोवेटर 3.0 में राष्ट्र-केंद्रित नवाचार पर विशेष व्याख्यान के साथ दो पैनल चर्चाएं और छात्र शोकेस होंगे।

सत्याग्रह पर बैठे अस्थायी कर्मचारी

भोपाल। प्रदेश के दैनिक वेतनभोगी, स्थायी व अंशकालीन कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सात्पुड़ा भवन के सामने अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठ गए। आंदोलन में सागर, रीवा, बैतूल, धार, शिवपुरी, बालाघाट सहित कई जिलों के कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने 22 दिसंबर 2025 के आदेश को निरस्त करने और वेतन-भत्ते सहित अन्य मांगें पूरी करने की मांग की। मंच कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि स्थाईकर्मियों को साठवें वेतनमान का लाभ मिले, दैनिक वेतनभोगियों को 2016 से नियमित करें और अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर का वेतन और पेंशन का लाभ दिया जाए।

खाद्य भवन का निर्माण रद्द करने की मांग

भोपाल। नाप तौल नियंत्रक कार्यालय में मौजूद 150 पेड़ों को बचाने के लिए प्रस्तावित खाद्य भवन के निर्माण को रद्द करने की मुहिम शुरू हो गयी है। नए भवन के बनने से भोपाल के एमपी नगर कार्यालय में स्थित 150 से अधिक पेड़ों को काट दिया जाएगा। लगभग 90 से 100 करोड़ का खर्च भी आएगा, जबकि विभाग के ज्यादातर दफ्तर खुदके सरकारी भवनों में हैं। सिर्फ नागरिक आपूर्ति निगम किराये के दफ्तर में है। इन सभी आरोपों को लेकर नाप तौल अधिकारी कर्मचारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने पीएमओ से लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को शिकायत की है। तिवारी ने पत्र लिखकर अपने विभाग की एसीएस रश्मि अरुण शमी से भी हरियाली को बचाने योजना रद्द करने गुहार लगाई है।

कांफ्रेंस में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बैतूल, विदिशा जिलों के कलेक्टरों की

मुख्य सचिव ने लगाई फटकार... जिलों के अफसरों के साथ समन्वय नहीं रखते कलेक्टर

मुख्य सचिव ने कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में मुख्य बिंदुओं की समीक्षा की

सीएस अनुराग जैन ने कहा कि कलेक्टरों का डीएफओ, सीएमएचओ, सीईओ और यहां तक की नगरपालिकाओं के सीएमओ तक से समन्वय नहीं है, ऐसे में कैसे काम होगा

सीएम हेल्पलाइन की कई शिकायतों को अटैंड नहीं किए जाने पर बैतूल मऊगंज, शहडोल और भोपाल जिलों को जमकर फटकार लगाई

+ योजनाओं और कार्यक्रमों के लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

कांफ्रेंस के दौरान मोबाइल पर बात करने पर मुख्य सचिव बैतूल कलेक्टर पर खासे नाराज हुए

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के दौरान बैतूल, विदिशा सहित कुछ और जिलों के कलेक्टरों की जमकर क्लास ली। उन्होंने कहा कि कलेक्टरों का डीएफओ, सीएमएचओ, सीईओ और यहां तक की नगरपालिकाओं के सीएमओ तक से समन्वय नहीं है, ऐसे में कैसे काम होगा।

कांफ्रेंस के दौरान ही मोबाइल पर बात करने को लेकर मुख्य सचिव जैन बैतूल कलेक्टर पर खासे नाराज हुए। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान यह सब पैर जिम्मेदारी कार्य है। विदिशा कलेक्टर के रीमोदान के एक मामले में गलत रिपोर्ट देने पर खासे नाराज हुए। जैन ने कहा कि ऐसी कलेक्टर रहे हैं, गलत रिपोर्ट देने आप फंस में आ जाती है। मुख्य सचिव जैन बुधवार को मंत्रालय से कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के दौरान पाला प्रतिवेदन पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में समीक्षा की। कांफ्रेंस कलेक्टर कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्य 2026 के कृषि वर्ष के लक्ष्य पाने के वैदूषित संबंधित विभागों को आगामी एक वर्ष की कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नामांतरण, बटवारा और सीमांकन में-नई जैन ने रोष व्यक्त किया नाराज हुए हुए सचिव मुख्य जैन ने सुझावों को साथ दुरुस्त करने को कहा है

नामांतरण में नुरैना, भिंड तथा बटवारा के प्रकरणों में अनूपपुर और रीवा, भूमि के सीमांकन प्रकरणों में विदिशा और सतना

खसरा अपडेट में रीवा और इंदौर तथा अवैध कब्जा हटाने के मामले में भिंड और विदिशा जिलों की स्थिति अपेक्षाकृत असंतोषजनक पाई

अशोक नगर कलेक्टर आदित्य सिंह गये, साकेत मालवीय को जवाबदारी

राज्य शासन ने अशोक नगर कलेक्टर आदित्य सिंह को हटा दिया। कुछ दिन पहले ही उनके खिलाफ बस की एक सवारी गाड़ी की सीट से पीएमओ सहित मुख्य सचिव के विरुद्धकी एक बैग मिला था 3 करोड़ रुपए की विदेश की नाम लगने का आरोप लगाया था। इस विवाद के आधार पर कलेक्टर सिंह को तात्काल प्रभाव से हटा दिया गया। सिंह को पोस्ट पैक आयोग सहित दर्ज पुलिस विभाग में संबद्ध कर दिया गया है। साथी अपनी जगह पर मध्य कर्मचारी पवन मेहता को सौंप।

हिंदू संगठनों ने किया महापौर के बंगले का घेराव प्रदर्शन किया

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

शहर में स्लीटर हाउस मामले को लेकर बुधवार को हिंदू संगठनों ने महापौर मालती राय के बंगले पर हंगामा कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नेम प्लेट पर कालिख पोत दी और बैनर-पोस्टर फाड़ दिए। महापौर इस्तीफा दो के नारे लगाए। वे जिम्मेदारी पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। बंगले के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान महापौर मालती राय की नेम प्लेट और होर्डिंग पर लगी फोटो पर स्याही पोत दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वह प्रतीकात्मक विरोध है जो नगर निगम की भूमिका और स्लीटर हाउस में कथित गोकशी के मामलों पर कार्रवाई न होने के खिलाफ किया गया है।

कार्रवाई होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

महापौर बंगले के सामने प्रदर्शन करते हुए हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने महापौर मालती राय से इस्तीफा मांगा। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी पर कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बंगले की दीवारों पर महापौर इस्तीफा दो लिख दिया। बंगले के बाहर लगे होर्डिंग पर स्याही पोत दी और काली बना दी।

मप्र के नवाचारों पर एनवीडिया से की चर्चा दावोस में मुख्यमंत्री ने की एआई निवेश पर बातचीत

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बुधवार को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक में शामिल हुए। एआई के क्षेत्र की बड़ी कंपनी एनवीडिया के सीएम ने प्रदेश में नवाचारों पर चर्चा की। डॉ. यादव ने स्विस पार्लियामेंट काउंसिल मेंबर सेबुअल गवर से स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत निर्माण और जनकल्याण कल्याण के क्षेत्र में निवेश पर भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने एनवीडिया की ग्लोबल एआई इंफ्रास्ट्रक्चर रेजांस के उपाध्यक्ष कैलिस्टा रेजांस के साथ हुई बैठक में कृषि, शिक्षा और उद्योग में एआई नवाचारों पर बात की। सीएम ने कहा कि मप्र में उपजाऊ भूमि, श्रम और लॉजिस्टिक्स आदि के रणनीतिक और प्रभावी उपयोग के लिए एआई नवाचारों पर साझेदारी होगी। रेजांस ने कहा कि अपनी अलग-अलग पहलों के माध्यम से हुई बैठक में कृषि, शिक्षा और उद्योग में एआई तकनीक के विकासित कर रही है। उन्होंने मालवीय के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग पर हुई बातचीत

मालवीय ने आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मंत्रालय सहित से पर्यटन के साथ आधार बनाते हुए विनिवेश, शिक्षा, वन्य जीव संरक्षण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। डॉ. यादव ने इंडो-पैसिफिक व ग्रीन लीग एवं नेशनल ब्लू क्रिट फॉर यूटिलिटी स्केल एनर्जी ट्रांजिशन विषय पर आयोजित राउंड टेबल मीटिंग में भागीदारी की। इसमें वीडीए नवीन एवं नवाकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने प्रधानमंत्री का दावोस दौरा विजन भी रखा। सीएम ने हिंदू पावर के सीईओ सुमित सिन्हा से नवाकरणीय ऊर्जा में निवेश पर बात की।

नवाचार, कौशल विकास और रणनीतिक-अधारित विकास पर मप्र के साथ साझेदारी पर सहमति जताई।

जमीन में गाड़कर छिपाई थी 46 किलो चांदी बरामद, दो आरोपी भी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▶▶ शिवपुर

जिले के कोलारस कस्बे में ज्वेलर्स की दुकान से हुई करीब डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की बड़ी चोरी का जिलापुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जमीन में गाड़कर छिपाई गई 46 किलो चांदी बरामद की है, जिसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है।

यह चोरी 26-27 जुलाई की दरमियानी रात सदर बाजार स्थित ज्वेलर्स की दुकान में हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने 200 से ज्यादा 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज देखे और शिवपुरी, ग्वालियर, गुना और भिंड जिलों से 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ हुई

बरामद किया हुआ माल

चांदी बेचने की कोशिश में दबोचे गए

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने चकदे जाने के डर से चोरी की चांदी को जमीन में गाड़े

लालूल गांव के खेतों के पास जमीन खोदकर चांदी निकाली गई। वहीं अभिषेक रावत की

अंधविश्वास फैलाकर कर रहे झूठा इलाज, का अरोप लगाया

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

उच्चाधाधक पंडित धीरेंद्र शास्त्री के इलाज के दावों (कालकर कैंसर के इलाज) को लेकर भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा से शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने दलित पिछड़ा समाज संगठन ने आवेदन दिया है।

दलित पिछड़ा

समाज संगठन ने कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के विरुद्ध गणेश, सनातन और मानव जीवन के लिए घातक अफवाहों के संबंध में एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में डीजीपी और भोपाल पुलिस कमिश्नर को आवेदन-अलग लिखित शिकायतें सौंपी हैं। आवेदन में कहा है कि स्थानीय स्तर पर शिकायतों पर कोई प्रभावी कार्यवाई नहीं होने के कारण भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 173(4) के अंतर्गत वह शिकायत की गई है। दलित पिछड़ा समाज संगठन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और भीम आर्मी के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य दामोदर यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कथावाचक झूमाझूठा और कर लोगों को गुमराहियत, अंधविश्वास फैला

सदस्य पतियों को नहीं मिली जिला पंचायत की बैठक में एंट्री, तीन सदस्य बाहर निकलीं

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में सदस्य पतियों को एंट्री नहीं देने पर 3 महिला जिला पंचायत सदस्य नाराज हुईं। ये बीच बैठक से उठकर बाहर निकल गईं।

हवार, बैठक में अध्यक्ष रामकुंवर गुर्जर और सीईओ हेमा तिवारी के सामने सदस्यों ने अधिकारों को लिखा, सड़क, वन और बिजली के मुद्दे पर घेरा। नोकझोंक की स्थिति बनने पर सीईओ ने मामले को संभाला। इस बार जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक सामान्यक का रेनोवेशन होने की वजह से बरगोटी सभा स्थित क्रीडा कार्यालय सभागार एवं पंचायत सभा प्रशिक्षण केंद्र में हुई।

बैठक शुरू होते ही जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमा तिवारी ने कहा कि सदस्य मौजूद हैं, तो प्रतिनिधि को

बैठक में एजेंडे को लेकर चर्चा करते सदस्य व सीईओ।

बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सदस्य प्रतिनिधि अनिल हाडा, सुरेश राजपूत और गिर्नोद राजौरिया बैठक में शामिल हुए। कुछ देर तक तो प्रतिनिधि बैठे रहे, लेकिन फिर उठकर बाहर चले गए। उनके साथ सदस्य चंदेश राजपूत, विजिया राजौरिया और देवकुंवर हाडा भी बाहर चली गईं। हालांकि, इसके बाद भी बैठक चलती रही और एजेंडे पर बात हुई।

मौसम दो दिन बाद तीन डिग्री तक गिरेगा पारा

26 को सक्रिय होगा नया पश्चिमी विक्षोभ कुछ जिलों में बादल और बारिश के आसार

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कुछ जिलों में बुधवार को भी लगातार चौथे दिन तापमानों में गिरावट बढ़ती रही। पश्चिमी विक्षोभ और प्रदेश के आसपास साइक्लोनिक सर्कुलेशन से अगले दो दिन कुछ जिलों में बादलों का असर रहेगा।

साथ ही एक-दो स्थानों पर बौछारें भी पड़ सकती हैं। इसके बाद रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। तीसरे दिन से तीन डिग्री तक कमी आएगी। 26 जनवरी से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जनवरी के अंत में मौसम फिर बदलेगा।

दिन और रात के तापमान में मामूली बढ़त मंगलवार में दिन का पारा 27 रहा था 11 डिग्री तक पहुंचा

अभी तीन सिस्टम सक्रिय, एक सुप्त

विशेषज्ञ सुमन के अनुसार अभी उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास एक साइक्लोनिक है। पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ के रूप में उत्तरी ईरान के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में एक्टिव है। यह सुप्त होने से अगले दो-तीन दिन में प्रदेश में राजपथन रोड, हल्का कुहरा बने का दृश्य

बनी बढ़ी, यहां रहा कोहरे का असर

प्रदेशभर में अभी दिन और रात का पारा सामान्य से औसतन दो डिग्री तक अधिक है। कुमकार को भी औसतन एक डिग्री की बढ़त के साथ औसत दिन के पारा 26 डिग्री रहा है, जबकि रात का 11 डिग्री दर्ज हुआ है।

राज्यपाल भोपाल, सीएम उज्जैन ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस पर राजधानी और जिला मुख्यालयों में होने वाले सरकारी को लेकर राज्य शासन ने मुख्य अतिथि तय कर दिए हैं। राज्यपाल सुश्री आनंदीबेन पटेल भोपाल के लाल परेड में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में तिरंगे की सलामी लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ग्वालियर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों को जारी किए हैं। मंत्रियों को प्रभार के जिलों में सरकारी का अतिथि बनाया है। जिन्हें सीएम राजेंद्र शुक्ल सागर और जनवरीक पेंडारा इंदौर के मुख्य अतिथि बनाए हैं। इंदौर अभी किसी मंत्री के पास प्रभार में नहीं है।

जिन मंत्रियों ने कलेक्टर मुख्य अतिथि होंगे, उनमें देवास, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, गुना, मंदसौर, श्योपुर, भिंड, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, बैतूल, हरदा, सिंगरौली, नरसिंहपुर, बालाघाट, पांढुर्ना शामिल है।प्रह्लाद सिंह पटेल राकेश सिंह मंत्री करण सिंह वर्मा संपतिया उइके तुलसीराम सिलावट एदल सिंह कंसाना निर्मला भूरिया गोविंद सिंह राजपूत विश्वास सारंग नारायण सिंह कुशवाह नागर सिंह चौहान नरेन्द्र टेकचंद लखन सिंह पटेल नारायण सिंह पंवार

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर माघ शुक्ल पक्ष, 04 - 2082 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 22 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन अब पोर्टल पर

सीहोर। नव विकसित सीआरएस पोर्टल पर अब जन्म प्रमाण–पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। सरकार ने जन्म–मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 के तहत 11 अगस्त 2023 से जन्म प्रमाण–पत्र अनिवार्य किया गया है, जो स्कूल प्रवेश, आधार, पेन, लाइसेंस हेतु आवश्यक होता।

बुजुर्ग टोल फ्री नंबर से ले सकते हैं सहायता

सीहोर। बुजुर्गों के लिए टोल–फ्री एल्डर लाइन हेल्पलाइन 14567 है, जिस पर अलग–अलग समस्याओं पर सुझाव, भावनात्मक सहायता और काउंसिलिंग की व्यवस्था की गई है। यह केन्द्र सरकार की योजना मध्यप्रदेश में संचालित की जा रही है।

अब बिजली कनेक्शन सरल संयोजन पोर्टल से मिलेगा

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा उपभोक्ताओं को सरल और सुविधाजनक तरीके से तुरंत नया बिजली कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने हो निर्धारित समयावधि में घर बैठे ही कनेक्शन मिल जाता है।

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

सीहोर। कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा–2026 के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेब पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए हैं। पात्र अभ्यर्थी निर्धारित लिंक पर लॉगइन कर अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

एकलव्य विद्यालय प्रवेश के आवेदन 10 फरवरी तक

सीहोर। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। 10 फरवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे। 22 फरवरी को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर। राजस्व मंत्री श्री कन्हैयासिंह वर्मा 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे सीहोर तहसील के ग्राम चाड़ली पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

ऐतिहासिक स्थलों पर रोशनी करने के निर्देश

सीहोर। राज्य शासन ने 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों पर 25 एवं 26 जनवरी 2026 को रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था करने के दिशा–निर्देश दिये। उक्त व्यवस्था पर होने वाला व्यय संबंधित प्रशासकीय विभाग अपने विभागीय बजट से वहन करेंगे।

मतदाता दिवस कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को ये शपथ दिलाई जाएगी।

सीहोर। हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

आक्रोश प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे महिला-पुरूष आदिवासी, लगाए जय जौहार के नारे, 1 करोड़ की मांगी सहायता

शिवानी की मौत पर भड़का आदिवासियों का आक्रोश, कलेक्ट्रेट परिसर में किया धरना प्रदर्शन

मामला ग्राम सिंहपुर की 22 वर्षीय शिवानी बारेला का है। परिजनों के अनुसार 12 जनवरी को डॉ. रुकमणी मुलहारिया ने शिवानी का नसबंदी ऑपरेशन किया।

डीआर संवाददाता•सीहोर

छोटा परिवार–सुखी परिवार का सपना लेकर अस्पताल पहुंचीं एक आदिवासी मां की सरकारी सिस्टम की लापरवाही ने जान ले ली। मेरवा सिविल अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन के दौरान हुई गंभीर चूक और उसके बाद बरती गई संवेदनहीनता के खिलाफ बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर रुंधा जौहार के नारों से गूंज उठा। भील आर्मी और सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर उग्र प्रदर्शन कर इसे संवैधानिकीय हत्या करार दिया और दोषी डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग की।

बता दें मामला ग्राम सिंहपुर की 22 वर्षीय शिवानी बारेला का है। परिजनों के अनुसार 12 जनवरी को डॉ. रुकमणी मुलहारिया ने शिवानी का नसबंदी ऑपरेशन किया। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान असावधानी से आंत काट दी गई। ऑपरेशन के महज 7 घंटे बाद रात 10 बजे, जब मरीज को डिस्चार्ज की तैयारी की जा रही थी, शिवानी को उल्टी हुई और वह बेहोश हो गई। परिजनों ने तुरंत उसे मेरवा सिविल अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि मेरवा में इलाज न मिलने पर शिवानी को 22 किमी दूर सीहोर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

समाज की प्रमुख मांगें

- एफआईआर और बर्खास्तगी डॉ रुकमणी मुलहारिया पर और जनपदी धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें तत्काल सेवा से किया जाए।
- मृतकावश्या पीड़ित परिवार को 3 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और तीनों बच्चों की उच्च शिक्षा व स्वास्थ्य की लिखित जिम्मेवारी शासन ले।
- सरकारी नौकरी मृतका के आश्रितों को भविष्य में सरकारी नौकरी का आश्वासन दिया जाए।
- अस्पताल में सुधार मेरवा अस्पताल को केवल नाम का नहीं बल्कि सुविधाओं का केंद्र बनाया जाए और 24 घंटे आईसीयू की सुविधा शुरू से।

मुआवजा

बुधवार को प्रदर्शन के दौरान आदिवासी नेताओं ने स्पष्ट किया कि उन्हें सरकारी दौहाई नहीं, न्याय चाहिए। शासन की ओर से प्रस्तावित 2 लाख रुपये की सहायता को समाज ने मृतक के बच्चों के भविष्य के साथ मजाक बताया।

कलेक्टर बोले–तीन दिन में आएगी रिपोर्ट

मीडिया से चर्चा करते हुए कलेक्टर बालगुरू के ने बताया कि सभी शासकीय लोग कमेटी गठित की गई है, जिसे 3 दिन के भीतर रिपोर्ट देनी है। कलेक्टर ने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। कलेक्टर ने भरोसा कि जिसमें 2 लाख रुपये की तात्कालिक सहायता और रेफरल्स से मदद की संभावना शुरू कर दी गई है। इधर आदिवासी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि 3 दिन में दोषी मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

घेराबंदी कर आठ आरोपियों को किया गिरफ्तार, जेल भेजा

डीआर संवाददाता•सीहोर

लाडकुई वन परिक्षेत्र के बगलीखेड़ा इलाके में नीलगाय के अवैध शिकार मामले में वन विभाग ने फरार चल रहे आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार सुबह 5:30 बजे टीम ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ा। यह कार्रवाई डीएफओ अर्चना पटेल के मार्गदर्शन और वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रवीण खंड उइके के नेतृत्व में की गई। डीएफओ ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम बगलीखेड़ा और गादलिया के कुछ लोगों ने नीलगाय का शिकार किया है। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। गादलिया निवासी शंकरलाल के खेत के पास संदिग्ध गतिविधि दिखी। टॉर्च की रोशनी में दो लोग मोटरसाइकिल पर बैठे थे और दो झोला लेकर खड़े थे। जगते ने रुकने को कहा तो वह भागने लगे। घेराबंदी कर दो को झोले सहित मौके पर पकड़ लिया गया। इससे पहले 3 जनवरी को दो आरोपियों को पकड़ा गया था।

गिरफ्तार आरोपियों अधिकतर युवा आरोपियों में भीम सिंह (21), हुलासीराम (24), अर्जुन सिंह (22), विनोद (28), में

झोले में मिला मांस, कुल्हाड़ी और हसिया

तलाशी में एक झोले से कच्चा मांस मिला। दूसरे झोले से खरबार कुल्हाड़ी और हसिया बरामद हुई। दोनों झोले जब्त किए गए। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम सोहाराम पिता डोंगर सिंह, निवासी गादलिया और दीप सिंह पिता गुलाई, निवासी बलेलपुर–पांवरी बताए। घटनास्थल से दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं। आरोपियों की निशानदेही पर बीट बगलीखेड़ा और बीट नवापुर की सीमा पर स्थित नाले के पास जांच की गई। यहां खून से सनी जमीन, 100 डेटोनेटर लंबी सुतली की बत्ती, नीलगाय की आंतों के अवशेष, पूंछ और हड्डियों के टुकड़े मिले। रात्री साक्ष्य जब्त कर फोटो लिए गए।

बबलू (21), सुनील (26), श्रीराम (35) और मुरेश (43) शामिल हैं। ये रात्री पांवरी (कसंतपुर) और गादलिया (पांवरी) के रहने वाले हैं। सभी को न्यायालय पेशी पर पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

समाज के हर बंधु को तन, मन और धन से सहयोग करना चाहिए

डीआर संवाददाता•सीहोर

हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के आमंत्रण पत्र का विमोचन वरिष्ठ समाजसेवी अधिवेशन राय ने किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता ही ऐसे आयोजनों की सफलता का आधार है।

ऐसे सामाजिक और पुण्य कार्य लगातार होते रहने चाहिए। समाज अध्यक्ष प्रदीप बिन्नोरिया ने बताया कि अब तक 251 जोड़ों का विवाह सामूहिक सम्मेलन के माध्यम से कराया जा चुका है। इस वर्ष भी सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर हैं। अध्यक्ष परमानंद राय ने कहा कि कन्यादान महादान है।

इस कार्य में समाज के हर व्यवसायिक बंधु को तन, मन और धन से सहयोग करना चाहिए। विशिष्ट मार्गदर्शन में महामंत्री बैनी प्रसाद राय, लक्ष्मि निवेश राय, रमेश राय, सुरेश राय, मोहन राय मास्टर, हरीश राय राशि कई लोग मौजूद रहे।

सीहोर बुकान के सामने सफाई कर रहे व्यक्ति पर कुत्ता किया हमला

डीआर संवाददाता•सीहोर

सीहोर जिले के इछावर क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग ने अचानक एक शख्स पर हमला कर दिया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, कुनाल नामक व्यक्ति इछावर में अपनी दुकान के सामने झाड़ू लगा रहा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता अचानक उस पर झपट पड़ा और हमला कर दिया। इस हमले में कुनाल के हाथ और पैर में चोटें आई हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह उसे बचाया।

सीसीटीवी में कैद हुई घटना

कुत्ते के हमले की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि व्यक्ति सामान्य रूप से काम कर रहा था, तभी कुत्ता अचानक हमला कर बैठता है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी दोनों देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि इछावर सहित पूरे जिले में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों के हमले की घटनाएं आए दिन हो रही हैं, लेकिन प्रशासन और नगर परिषद की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने कई बार शिकायत की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

पत्रकार वार्ता आज

सीहोर। पत्रकार वार्ता आज

शहर के बस स्टैंड पर भव्य रूप से हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। 23 जनवरी को लोकार्पण किया जाएगा। इसके अलावा आगामी दिनों में ग्राम प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर गुरुवार को दोपहर एक बजे मंदिर परिसर में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जाएगा। अतः सभी पत्रकार बंधुओं से निवेदन है कि अवश्य सभी उपस्थित होने की कृपा करें।

इस मौके पर समिति के संरक्षक श्री–श्री 108 मंडेश्वर दुर्गानिगाद जटारे, समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रकाश पांडेय, मंदिर के पुजारी अनिल शर्मा आदि के द्वारा पत्रकारों के सहयोग और मार्गदर्शन से आगामी दिनों में होने वाले कार्यों की जानकारी दी जाएगी।

जब्तशुदा एवं राजसात वाहनों की हुई नीलामी

डीआर संवाददाता•सीहोर

सीहोर जिले में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजिका के अवैध परिवहन में जप्तशुदा, कलेक्टर न्यायालय द्वारा राजसात तथा पूर्व नीलामी से रोके गए वाहनों के पुनः नीलामी की कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी श्री दीप सिंह पांडेर ने बताया कि नीलामी में राजसात वाहनों की नीलामी के लिए 29 टेंडर प्राप्त हुए हैं। जो कि आरक्षित मूल्य से 90.13 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार नीलामी की संपूर्ण कार्यवाही में कुल 4,80,634 रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई है। नीलामी की कार्यवाही के दौरान टेंडर ओपन के रूप में कुल 4,72,234 रूपये की राशि प्राप्त हुई है। जो कि आरक्षित मूल्य से 90.13 प्रतिशत अधिक है।

टेंडर समिति के अध्यक्ष एवं संयुक्त कलेक्टर अमीत खान, उपेन्द्र सिंह, जिला परिवहन अधिकारी जैसल तिवारी, जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह पांडेर सहित सभी टेंडर दाता एवं आबकारी विभाग का स्टाफ उपस्थित थे।

महोत्सव को लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता•सीहोर

आगामी फरवरी 2026 में हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया तेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं सुबेश्वर महादेव मंदिर में लाखेनिया रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर प्रशासन और जिलेवार सेवा समिति के द्वारा तुम स्तर पर तैयारियां की जा रही हजारों की संख्या में वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग का निर्माण किया जाएगा, इसके अलावा अस्थाई बस स्टेशन, आटो स्टैंड का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अलावा करीब डेढ़ किलोमीटर कॉरिडोर में श्रद्धालुओं की सुविधा और भावना को ध्यान में रखते हुए अलग–अलग दिशा में जाने मार्ग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं।

वहीं पुलिस प्रशासन ने आगामी दिनों में होने वाले ऐतिहासिक रुद्राक्ष महोत्सव कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। समिति के समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य से भेंट की की। इस मौके पर मार्ग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, रोड डायवर्सन प्लान, रेल, बसों एवं आटो से श्रद्धालुओं के आने–जाने की स्थिति, एलईडी व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, पानी, फायर, बिजली, सीए सिस्टम तथा सुबेश्वर धाम में प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था के बारे में विस्तार से चर्चा कर धाम की व्यवस्थाओं को समझा गया। अधिकारियों के साथ सुबेश्वर धाम का भ्रमण कर पुलिस कन्ट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था स्थल, कच्चा स्थल, अस्पताल, भोजनशाला, आदि स्थलों का भ्रमण कर अधिकारियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

सहस्त्र चंडी महायज्ञ में सनातन धर्म के चारों वर्ण एक साथ बैठक

सनातन धर्म को जोड़ने के लिए कराए जा रहे ऐतिहासिक महायज्ञ

डीआर संवाददाता•सीहोर

शहर के प्राचीन कलेजी वाली माता मंदिर परिसर में बुधवार से देर रात्रि ढाई बजे तक सहस्त्र चंडी महायज्ञ की परिक्रमी के लिए यहां पर आस्था और उत्साह दिखाई दे रहा है। शहर सहित देश भर के अनेक विद्वानों के द्वारा सभी समाज के श्रद्धालु एक साथ बैठ कर नगर भोज में भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। सनातन धर्म को जोड़ने के लिए कराए जा रहे ऐतिहासिक महायज्ञ में चारों वर्ण के यजमानों को शामिल किया गया है। इसके अलावा शाम छह बजे से नगर भोजन का आयोजन किया जाता है। जिसमें प्रतिदिन 10 हजार से अधिक श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करते हैं। इस मौके पर शार्दूलसिंह के अध्यक्ष विशेष रहीर, मुख्य यजमान सूरजपार तरुण रहीर और संयुक्त मा बालकर उत्सव समिति ने श्रेष्ठाचारियों से महायज्ञ में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की।

महायज्ञ के मीडिया प्रभारी प्रदीप रुमाडिया ने बताया कि महायज्ञ की पूर्णाहुति आगामी 27 जनवरी को की जाएगी। साथ गुप्त नवरात्रि के मौके पर ऐतिहासिक सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें समस्त शास्त्रपरिषदों के सहयोग से भव्य और दिव्य अनुष्ठान किया जा रहा है। पहले दिन कलश यात्रा से आरंभ हुआ महायज्ञ दस दिनों तक चलते रहेगा। इसमें शाम छह बजे से भंडारे की प्रसादी आरंभ हो जाती है जो रात्रि ग्यारह बजे तक निरंतर जारी रहती है।

महायज्ञ यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा ने बताया कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ में दुर्गा सप्तशती के पाठों के साथ घी, हवन सामग्री, जल, फूल, नारियल और मिष्ठान जैसी विभिन्न वस्तुएं मंत्रोच्चार के साथ अग्नि में अर्पित की जा रही है। महायज्ञ से भक्तों को आर्थिक लाभ, पारिवारिक कलह और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। यह यज्ञ स्वास्थ्य, धन और सफलता के लिए अत्यंत शक्तिशाली माना गया है, जिसका वर्णन दुर्गा सप्तशती के अध्याय में भी मिलता है।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान बने दादा, कार्तिकेय के घर जन्मी बेटी

डीआर संवाददाता•सीहोर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान दादा बन गए हैं। बुधवार को दिल्ली स्थित ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) में उनके बड़े बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान की पत्नी अनामता ने बेटी को जन्म दिया। परिवार में बेटी के आगमन से खुशी की लहर दौड़ गई। बच्ची का नाम इला रखा गया है।

शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए लिखा कि उनके घर "लाडली लक्ष्मी" आई है। उन्होंने बताया कि कार्तिकेय पिता बने हैं, अनामता मां और साधना अब दादी बन गई हैं। वीडियो में अस्पताल स्टाफ बच्ची को लेकर बाहर आता है, जहां साधना चौहान पोती को देखकर खुशी से झूम उठती हैं और कहती हैं, "बिटिया, लाडली लक्ष्मी आई है।" इस दौरान शिवराज सिंह चौहान नाश्ती मंच का जाप करते नजर आए और पोती को गोद में लेकर आशीर्वाद दिया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर माघ शुक्ल पक्ष, 04 - 2082 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 22 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

गेंहू फसल में कीटव्यापी की समस्या से बचाव के लिए किसानों को सलाह

सीहोर। वातावरण में बदलते मौसम को दृष्टिगत रखते हुए किसानों को कृषि विभाग की सलाह है कि गेंहू की फसल में जब गेहू कीटव्यापी की समस्या देखनें को मिल रही है कृषि विभाग ने बताया कि कीटव्यापी की समस्या सामने आई है कीटव्यापी से गेहू की फसल में पीलापन जिसके कारण पत्तियां ऊपर से नीचे की ओर सूखने लगती है एवं पौधा सूख जाता है। अपनी प्रारंभिक अवस्था में यह कीट छोटे-छोटे पेड़ में दिखाई देता है, जो कुछ ही दिनों में पूरे खेत में फैल जाता है। उक्त गेहू कीट हल्के पीले एवं काले रंग का होता है, जिसका जीवन चक्र 7 से 10 दिन का होता है। इस कीट से बचाव के लिए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि वह अपने खेत की सात निगरानी करते रहे एवं कीट की समस्या बढ़े जाने पर एसिटामिप्रिड 20 प्रतिशत ई.ए. 60 ग्राम प्रति एकड़ या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. 50 एमएल मात्रा प्रति एकड़ या थायोमेथाक्सम 25 प्रतिशत डब्ल्यू.जी 60 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ के साथ एनपीके 19:19:19 एक किलोग्राम प्रति एकड़ का 150-200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव कराए।

25 जनवरी को 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

सीहोर। 25 जनवरी 2026 को 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रशासन में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार को निर्देश दिए है कि 25 जनवरी को प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रशासन में भागीदारी सुनिश्चित के लिए समारोह आयोजित किया जाए। इस अवसर पर मतदाताओं द्वारा शपथ ली जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार "वोट जरूर सुख नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम" थीम पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गाता है गीत पर भी गुणगान किया जाएगा।

सब्जी, मसाला और पुष्प के बीज विक्रय बिना लाइसेंस के प्रतिबंधित

सीहोर हाईब्रीड बीज विक्रेता किसानों द्वारा सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय फसलों के बीजों का व्यापार सार्वजनिक विभाग से लाइसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किये जाये। उक्त बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लाइसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरुद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की होगी।

पैसेनजरियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

सीहोर। साइबर अपराधियों द्वारा पेसेनजरियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। पेंशनभोगक का पूरा ब्यौरा, नियुक्ति दिनांक, पीपीओ नम्बर,

भंडारा आयोजित भंडारा में दोपहर से देर रात तक पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालू

दोराहा के ठकुर मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन

डीआर संवाददाता»दोराहा

कस्बा दोराहा के ठाकुर मोहल्ला स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस भंडारे में कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसादी ग्रहण की। आयोजन देर रात तक चलता रहा।

यह धार्मिक आयोजन ठाकुर मोहल्ला हनुमान जी के निशान शोभायात्रा के तीसरे वर्ष के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर मंगलवार को हनुमान जी का निशान भ्रमण पूरे कस्बे में धूमधाम से निकाला गया। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ भाग लिया, जिससे पूरा कस्बा भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

बुधवार सुबह से ही हनुमान मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। श्री हनुमान जी की विशेष पूजा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महा आरती के पश्चात वाल्मा हनुमान मंदिर विशाल भंडारे का शुभारम्भ किया गया। श्रद्धालुओं ने अनुशासन के साथ प्रसादी ग्रहण की।

भंडारे से पूर्व मंदिर परिसर में महिला श्रद्धालुओं द्वारा संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर भक्ति गीतों के माध्यम से हनुमान जी की आराधना की। मंगलवार रात्रि को निशान शोभायात्रा के पश्चात भी हनुमान मंदिर परिसर में संकीर्तन आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति, स्थानीय युवाओं और मोहल्लेवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए इसे आपसी सौहार्द और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया।

पानी दूषित पाया जाए तो तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए-नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

डीआर संवाददाता»सीहोर

पेयजल से जुड़ी शिकायतों और जल गुणवत्ता व्यवस्था की अधिकतर पूरी मशीनरी से ले। शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच हो और यदि कहीं पानी दूषित पाया जाए तो तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्थिति में दूषित पानी की आपूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के निर्देश पर नगर पालिका के अमले ने शहर की आधा दर्जन से अधिक वाहनवासियों को पेयजल के लिए आपूर्ति करने वाले आधा दर्जन से अधिक टंकियों की सफाई की। जिसमें बाल विहार मैदान, अग्रवाल, मालटोली, मछली मंडी सहित अन्य टंकियों की सफाई का काम पूर्ण किया गया।

इस संबंध में शहरवासी इंजीनियर विजय कोली ने बताया कि शहरवासियों को नियमित रूप से स्वच्छ जल की आपूर्ति होती रहे इसलिए पानी की टंकियों की सफाई की गई है। अब नियमित अंतराल में इन टंकियों का सफाई कार्य होता रहेगा।

इंदौर में गत दिनों हुई दूषित जल की शिकायतों के कारण नगर पालिका सीहोर ने नागरिकों के लिए शुद्ध जल मिले इसके लिए पेयजल सप्लाई पाइप लाइन आदि में जीर्णोद्धार आदि की समस्या का तत्काल समाधान करने की बात कही है। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अगर दूषित पेयजल की समस्या की जानकारी तत्काल मेरे नंबर अथवा नगर पालिका के मुख्य द्वार पर लगाई गई शिकायत पेटी में डालें। इसका त्वरित समाधान किया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साफ पेयजल व्यवस्था को लेकर सीहोर नगर पालिका ने सख्त रुख अपनाया है।

कोठरी में राष्ट्रीय दंगल, मेरठ के शाकिर नूर बने विजेता

डीआर संवाददाता»आष्टा

कोठरी में गुरु हनुमान व्यायाम शाला द्वारा राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में देशभर की नामी पहलवान पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने किया। प्रतियोगिता में मेरठ के शाकिर नूर पहलवान ने फोगाट के साथ पहलवान को हराकर 51,000 रुपए का प्रथम पुरस्कार जीता। द्वितीय पुरस्कार 31,000 रुपए तथा एक मुर्रा भैंस भी व्यायामशाला की अध्यक्ष है। उन्होंने व्यायामशाला निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही दंगल आयोजन के लिए 25 हजार रुपए अलग से देने की भी घोषणा की। दंगल का आयोजन गढ़ेड़ गलवती के नेतृत्व में हुआ। कुश्ती पुरस्कारों में रेफरी की भूमिका रघु पहलवान सीहोर, अजय बिलोदिया होशंगाबाद और शेषु पहलवान देवास ने निभाई।

राजा गिल्लर कोठरी ने मथुरा के प्रवीण पहलवान को हराकर जीता। तृतीय पुरस्कार 21,000 रुपए दिल्ली के बलवान पहलवान ने भिलेवाबाद के नवजल पहलवान को हराकर जीता। विधायक ने कहा कि कोठरी ने जहूर भाई और सोहन पहलवान जैसे नाम दिए हैं।

स्वयं हटा लीजिए कब्जे नहीं तो बलपूर्वक हटा दिया जाएगा

आष्टा। नगर में कई स्थानों पर अतिक्रमणकारियों ने रास्ते-जबकि मकान और दुकानें बनाकर शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा है। नगर पालिका और तहसील में कई बार शिकायतें हुई। इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन ने लिखे नोटिस देकर कार्रवाई पूरी मान ली।

बुधवार को नगर पालिका ने फिर जनादलेट करवाया। कहा गया कि मोचाल नाके से हाईवे मार्ग तक रोड के दोनों ओर का संपूर्ण अतिक्रमण हटाया जाएगा। अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें। ऐसा नहीं करने पर प्रशासन बलपूर्वक

नर्मदा पुराण सुनने से मनुष्य के पापों का होता है नाश

डीआर संवाददाता»भैरूंदा

नगर के सरकारी कॉलोनी स्थित प्राचीन नर्मदा मंदिर में श्री नर्मदा पुराण कथा का नगर शुभारंभ कन्या और भक्ति के वातावरण में कलश यात्रा के साथ किया गया। नगर की सैकड़ों महिलाओं व श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया, जिससे पूरा नगर मां नर्मदा मैया के जयकारों से गूंज उठा।

कलश यात्रा गांधी मंदिर से शुरू होकर रेस्ट हाउस रोड, दुर्गा मंदिर मोहल्ला, बस स्टैंड व मोचाल रोड होते हुए नर्मदा मंदिर गांधी कॉलोनी पहुंची। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। मंदिर पहुंचने पर वैदिक पंडितगण के साथ कलशों का विधिवत पूजन अर्चन व मां नर्मदा मैया की आरती की गई।

नर्मदा पुराण के श्रवण मात्र से पापों का नाश होता है-पंडित तिवारी ने कहा कि नर्मदा पुराण के श्रवण मात्र से मनुष्य के पापों का नाश होता है और धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने नर्मदा स्नान, दर्शन व पुराण श्रवण के महत्व को भी बताया, जिसे भुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शांतिलाल सिरिए, अल्का भौतान, संतोष पवार, नरेंद्र दनगी, पंकज खंडेलवाल सहित नगर व आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित कर लक्ष्य निर्धारण करें

डीआर संवाददाता»भैरूंदा

दीपश्री शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय इंटर हाउस खेल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हुआ। मुख्य अतिथि अमित बीना ने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर लक्ष्य तय करने की बात कही। एडवोकेट अलका सोहान ने बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

उन्होंने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने की अपील की। सर्जी जैन ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी है। इसलिए विद्यालयों में ऐसे आयोजन होते हैं। कुश्ती, खो-खो, रस्साकशी और क्रिकेट सहित कई खेलों में बालक और बालिका वर्ग के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल दिए गए। इस मौके पर ललित कीर, रंजीता सैनी, कमलेश दुबे, रामनाथ मालवीय, बाबूराव वारे, विनोद नागरे, वंदना दुबे, सुनीता उईके और दीपिका शर्मा मौजूद रहीं।

आष्टा-कन्नौद रोड पर बिजली के पोल 6 माह से क्षतिग्रस्त, कंपनी ने हटाया तक नहीं

डीआर संवाददाता»आष्टा

आष्टा जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम भगवानपुर में आष्टा-कन्नौद रोड पर दो बिजली के पोल पिछले 6 माह से क्षतिग्रस्त हालत में खड़े हुए हैं। जो कभी भी हवा में गिर सकते हैं, लेकिन विद्युत कंपनी द्वारा उन्हें हटाया नहीं गया है। इससे दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में खेत खलिहानों में हाई टेंशन की लाइन खतरा हाल है। जिससे पशुओं एवं आगजनी की घटनाएं भी होती हैं। इसी तरह शहरीय क्षेत्र में बिना अवैध कॉलोनियों में बिजली के पोल नहीं लगाने से बिजली की केबल मुख्य मार्ग पर लटक रही है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। उसके बावजूद भी जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।

बता दें कि कन्नौद आष्टा हाईवे स्थित भगवानपुर में जहां रखे क्षतिग्रस्त हैं वहां पर उस जगह से दिन भर में हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। वहीं छोटे-छोटे बच्चों में रोज निकल रहे हैं। पोल हटाने की शिकायत ग्रामीण कई बार कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

कई बार की शिकायत पर समाधान नहीं हुआ भगवानपुर निवासी कैलाश माल और दुलीचंद ने बताया कि यह पोल पिछले 7 साल से इसी हालत में खड़े हुए हैं। इसकी कई बार शिकायत की गई है, लेकिन विद्युत कंपनी द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों और वाहनों को हर समय यह जानलेवा बनी रहती है कि जरा से धक्के या तेज हवा से भी यह पोल गिर सकते हैं। इससे बिजली भी समय बड़ी दुर्घटना होने का डर बना हुआ है। इसी तरह नानकपुर में नीलकोठी रोड पर भी एक बिजली पोल पिछले कई दिनों से गैस रोड पर खड़ा हुआ है।

भागवत कथा में आस्था और उत्साह के साथ भगवान शिव-पार्वती विवाह महोत्सव

मन की शुद्धि भगवान का ध्यान करने से होती है-कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय

डीआर संवाददाता»सीहोर

परमात्मा का ध्यान करने से मन की शुद्धि होती है। भगवान का ध्यान किसी भी समय में हो सकता है, परंतु भगवान की पूजा किसी भी समय में नहीं हो सकती है। भगवान का ध्यान करने से जीव में ईश्वर के सद्गुण आते है। भगवान निर्गुण होने के साथ ही सर्व सद्गुण संपन्न है। जो भगवान का ध्यान स्मरण करता है उस जीव में भगवान की शक्ति आती है। उक्त विचार शहर के प्राचीन इंदौर नाका स्थित श्री सिद्ध बटेश्वर महादेव मंदिर में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कही। उन्होंने कहाकि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक है।

पंडित श्री उपाध्याय ने जबकि पर्वतराज हिमालय की पोर कन्या के गर्भ माता जगदंबा प्रकट हुई और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उसकी शादी की चिंता सताने लगी। माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की भक्त थी। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। उन्होंने कहा कि नदी पर रहकर भोलेनाथ जप तप-विशार्थ के साथ बरात लेकर जुर्ने तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए। लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया।

बुधवार को भागवत कथा के दौरान सभी श्रवण के अवसर भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से की गयी प्रार्थना, कभी विफल नहीं होती। सब की पॉवर व्यर्थ हो जाती है। लेकिन प्रार्थना की पॉवर कभी व्यर्थ नहीं होती है। संसार का ध्यान छोड़ दो। सभी पाप संसार का ध्यान करने से होते हैं। ज्ञानीजन संसार में रहते हैं, लेकिन संसार का कभी ध्यान नहीं करते। ज्ञानी-संत हर समय में भगवान का ध्यान करते हैं। भगवान का ध्यान भले ही न करो, पर किसी मान्य शरीर का ध्यान कभी नहीं करना चाहिए।

ग्राम भोगराफूल एवं बिजोरी में सेक्टर स्तरीय ग्रामोत्सव

डीआर संवाददाता»सीहोर

जल अभियान परियोजना, लवकुश संस्था एवं ग्राम विकास लवकुश समिति द्वारा ग्राम पंचायत भोगराफूल एवं बिजोरी में ग्रामीणों के अभूतपूर्व सहयोग से अभियान के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक पारस उपाध्याय द्वारा ग्रामवासियों को सरकार के दो वर्ष में की गई गतिविधियों एवं योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही सरकार द्वारा ग्राम में की जा रही विकास गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील प्रदान कर सम्मानित किया गया।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | माघ शुक्ल पक्ष-04, 2082 | विदिशा, दिन गुरूवार, दिनांक 22 जनवरी, 2026

न्यूज गैलरी

चरण तीर्थ घाट पर श्रमदान आज सुबह 7 बजे से

विदिशा। कल शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से प्रातः 8:30 बजे तक 23 वर्षों से अनवरत चल रहे श्रमदान से प्रातः चरणतीर्थ के मुख्य घाटों पर नियमित श्रमदानी श्रमदान करेंगे। सभी पर्यावरण प्रेमियों से श्रमदान में सम्मिल होने की अपील समिति द्वारा की गई है।

विशेष डीएलसीसी की बैठक आज कलेक्ट्रेट में

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में विशेष डीएलसीसी की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई है। कलेक्ट्रेट के बेला सभागार में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।

मुख्य सचिव के पालन प्रतिवेदन का जायजा लिया

विदिशा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कलेक्टर्स कांफ्रेंस एवं कलेक्टर- पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन का जायजा मुख्य सचिव अनुराग जैन ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लिया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर होंगे कार्यक्रम

विदिशा 25 जनवरी को आयोजित होने वाले 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने के लिए प्रति मतदान केन्द्र हेतु 250-250 रुपए के मान से बजट उपलब्ध कराया गया है।

प्रभारी मंत्री लखन पटेल ध्वजारोहण करेंगे

विदिशा। जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। उक्त कार्यक्रम पुलिस ग्रेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया जाएगा।

गणतंत्र समारोह पर रौशनी के निर्देश दिए

विदिशा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की सायंकाल को जिले के सभी सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारतों पर प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किए गए हैं। तदनुसार में कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने समस्त विभागों के जिलाधिकारियों, सिवायों, जनपदों के अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं।

डीएलसीसी की बैठक आज होगी

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक आज गुरुवार 22 जनवरी को बेला सभागार में होगी। बैठक में आरबीआई के जीएफ फंड और 10 साली से निष्क्रिय पड़े शासकीय खातों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में ब्याज अनुदान सब्सिडी की समीक्षा की जाएगी। लीड बैंक मैनेजर बीएल बघेल ने बताया कि सितंबर 2025 तिमाही में जिले की बैंकिंग स्थिति की समीक्षा होगी। इसके अलावा शासन की विभिन्न योजनाएं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर के द्वारा बनीबी से समीक्षा की जाएगी। जिसमें डेयरी, केलीकी और जलसंसाधन वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा की जाएगी योजनाओं से बल ने दौरा मौके पर ही भौत विदिशा। शहर के मुखर्जीनगर स्थित एक निजी अस्पताल से घर जा रहे व्यक्ति को असमुद्रा करीब 6

अयोध्या के राजकुमारों की बारात में शामिल होने उमड़ पड़ा शहर, जगह-जगह उतारी गई आरती

दूल्हा बने राम-लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन की बारात में शामिल होने उमड़ा शहर

विदिशा में 126 वर्षों से चल रही अनवरत श्रीरामलीला मेला समिति के द्वारा माधवगंज से राम बरात निकाली गई। भगवान श्रीराम जी सहित लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन दूल्हा बने और पूरा शहर बाराती बन शामिल हुआ। नगर के राजनैतिक दलों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मंच लगाकर पुष्पों की वर्षा कर बारात का स्वागत किया। कांग्रेस ने पहली बार मंच लगाकर स्वागत किया।

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

विदिशा की ऐतिहासिक रामलीला इस बार अपने 125वें वर्ष में विशेष उत्साह के साथ मनाई जा रही है। बुधवार को राम बारात की भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें पूरा नगर बाराती बनकर शामिल हुआ। माधवगंज चौराहे से शुरू हुई यह यात्रा 4 किलोमीटर दूर रामलीला मैदान तक पहुंचने में 5 घंटे लगे।

बारात में राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन घोड़ों पर सवार होकर निकले, जबकि पालकी और विशिष्ट रथों पर विराजमान थे। विभिन्न वाहनों और पालकियों में प्रतिमा मूर्ति, पंडित, राजकुमार और नगरवासी सजे हुए थे। मार्ग में मंगल कलश, तोरण और बंदनवारों से सजावट की गई थी। इस वर्ष की रामलीला में कई अनोखी विशेषताएं जुड़ीं। बजरिया में रात मंडली ने तो पूरे शहर ने खारी आरती। मनमोहक प्रस्तुति दी, जबकि पूरे रेल रोड पर आकर्षक रोशनी देखी गई। चारों राजकुमारों के सिर मुकुट से विशेष श्रृंगारुपण संपन्न हुए, जिनकी कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी गई। इनमें किरीट, कुंडल, मालाएं, हाथ आभूषण और किरीट शामिल थे। इस का कलेक्टर नीता रस्तोगी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, सीएमओ डॉ. मनीष जैन, तहसीलदार, थानाध्यक्ष, पार्षद, पार्षदों, प्रमुख व्यापारी, समाजसेवी, पत्रकार, अधिवक्ता, शिक्षक, व्यापारी, उद्योगपति, सहित हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

दूल्हा बने प्रभु श्रीराम अपने भाईयों के साथ सजकर कर बारात लेकर निकले

विदिशा। बारात में शामिल हुए बाराती।

बारात में इस बार भोपाल से आए बैंड की प्रस्तुति रही आकर्षक।

नपा का स्लाटर हाउस सील, आरोपी का लाइसेंस होगा निरस्त

डीआर संवाददाता ■ सिरोंज

गोवंश के परिवहन के मामले में कांग्रेस लीडर की गिरफ्तारी के बाद प्रशासन सख्त और सतर्क हो गया है। फरारिया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। गंगलबार को पुलिस अधिकारी भी सिरोंज आए। इस दौरान फरारिया पुलिस क्रिकेट मोहल्ला में स्थित नगर पालिका के स्लाटर हाउस भी पहुंची। एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा की मौजूदगी में नपा प्रबंधन ने स्लाटर हाउस को सील कर दिया है। फरारिया थाना प्रभारी शिवराज सिंह ने बताया कि स्लाटर हाउस पर कत्ल करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, मामले में मांस विक्रेता कादीर कुरैशी को पुलिस रिमांड पर लिया जा रहा है जिसका लाइसेंस निरस्त करेगी नपा: बुधवार को जिला पशुचिकित्सा अधिकारी जावेद खान भी जिला पशु चिकित्सालय पहुंचे और इसके बाद स्लाटर हाउस भी पहुंचे। पशुचिकित्सा अधिकारी जावेद खान ने ने बताया कि मांस विक्रेता कादीर कुरैशी का लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी है जो अन्य लोग जिनका है, उन्हें भी नियमों से हैं। अवागत लगा रहे हैं कार्यकर्ताओं हिन्दू संगठन बोले के नकाबों पर बुलडोजर चलाओ हिन्दू संगठनों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपना गुस्सा जताया है। ज्ञापन में बताया कि कि पशु चिकित्सालय और पुलिस मामले को कवर है नगर हिन्दू संगठनों की हिरासत पर 26 दिसंबर को तिरुपती ट्रैवल्स की बस से 14 किलो मांस जब्त किया गया था। मंगुस लेब में जांच के बाद इसके गोमांस होने की पुष्टि हुई थी। मामले में फरारिया पुलिस ने कादीर कुरैशी, साहेब कुरैशी और सोहेल खान के साथ ही बस ड्राइवर शानू खां और कंडक्टर अनवर मियां पर प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया है। मंगलवार को रात्री को लेख भी भेज दिया गया। लेकर लापरवाह है। विहिप और बजरंग दल ने रात्री आरोपियों

मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को देशभर में बार चरणों में मनाने का प्रस्ताव है। इसके तहत द्वितीय चरण (19 से 26 जनवरी) का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज, विदिशा में हुआ।

इस अवसर पर कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम ने सभी से आह्वान किया कि स्वदेशी अपनाने का संकल्प केवल कार्यक्रम तक सीमित न रहे। इसे रोजमर्रा की जिंदगी में भी अपनाया जाए। विधायक मुरलेश टंडन ने बनाया गया कारवां बैंड ने अपने वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुति दी। इसके बाद सभी उपस्थितजनों ने स्वदेशी अपनाओ का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मुरलेश टंडन रहे।

इस अवसर पर कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम ने सभी से आह्वान किया कि स्वदेशी अपनाने का संकल्प केवल कार्यक्रम तक सीमित न रहे। इसे रोजमर्रा की जिंदगी में भी अपनाया जाए। विधायक मुरलेश टंडन ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम् गीत ने भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वह भारत के स्वतंत्रता सेनानियों का मूल मंत्र रहा है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के विभिन्न अधीक्षक डॉ. अविनाश लवाले, सभी विभागाध्यक्ष, फिजिकल शिक्षक, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारी तथा यूजी-पीजी के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मेंटल हेल्थ पर स्टाफ के लिए ट्रेनिंग वर्कशप

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में बुधवार 21 जनवरी 2026 को मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला हुई। इसका उद्देश्य मानसिक विषाद से बचने जागरूकों के प्रति स्टाफ को संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में हुआ।

आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीबी अहिरवार के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा अहिरवार ने मंच संचालन किया। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। अतिथि विद्वान कुमारी मयुरा अहिरवार ने मानसिक स्वास्थ्य, डिप्रेशन के कारणों और उनके निदान पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं ने पढ़ाई लाने वाले मानसिक समस्याओं और काउंसलिंग प्रक्रिया को भी समझाया। स्टाफ सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की। महाविद्यालय ने उनके सम्मान किए। कार्यक्रम में पूरा स्टाफ मौजूद रहा। अंत में डॉ. रुपेश अहिरवार ने आभार जताया।

नवोदय के छात्र अभिजेत ने वेटलिफ्टिंग में जीता गोल्ड, 140 किलो वजन उठाकर संभाग में लहराया परचम

डीआर संवाददाता ■ रायसेन

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, रायसेन के होनहार छात्र भारत अभिजेत सावन ने अपनी ताकत और फौलाद का लोहा मनवाते हुए खेलो एमपी यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल किया है। कक्षा 11वीं के छात्र अभिजेत ने 56 एमएमबी संभाग स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्राप्त की।

शानदार प्रदर्शन और स्टेट चैंपियनशिप का टिकट

अभिजेत सावन ने प्रतियोगिता के दौरान कुल 140 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर अब वे आगामी एमपी स्टेट चैंपियनशिप में अपने संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विद्यालय में खुशी की लहर विद्यालय के प्राचार्य श्री विजेंद्र कुमार सिंह ने अभिजेत की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम श्री स्कूल के विद्यार्थी खेलो एमपी यूथ गेम्स में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। अभिजेत की यह जीत अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे राज्य स्तर पर भी विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।"

उपलब्धि पर गर्व

अभिजेत की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों और स्थानीय खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है। उनकी इस सफलता को विद्यालय और प्रदेश के लिए एक गौरवशाली क्षण बताया जा रहा है।

संगत

विदिशा में शीघ्र खुलने जा रहा है वैदिक गुरुकुल

तिरूपति बालाजी के पंडितों के द्वारा विधिविधान से मंदिर का भूमिपूजन

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

शक्तिपीठ स्वामी श्रील प्रभुपाद की परिकल्पना अनुसार वैदिक पर्यटकों के विचार और संस्कार के लिए विदिशा में गुरुकुल का निर्माण होने जा रहा है।

शक्तिपीठ विद्यामन्दिर के - मेवरमेन अमन तावड़ा ने बताया है कि तिरुपति बालाजी के पंडितों के द्वारा विधिविधान से मंदिर का भूमिपूजन 25 जुलाई को होने जा रहा है। मंदिर का निर्माण विदिशा से भोपाल रोड पर सांची के पास कनवारा गांव में इसका निर्माण होगा। यहां पर बच्चों को रहने के साथ शिक्षा और सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

विदिशा: विदिशा सांची के बीचभोपाल रोड पर कनवार मंदिर के पास बनाया जाएगा वैदिक गुरुकुल।

शक्तिपीठ स्वामी श्रील प्रभुपाद के अनुयायी सर्वानंदी दास के अनुसार गुरुकुल का भूमिपूजन एवं संकल्प महायज्ञ का आयोजन 25 जनवरी की सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगा। इस आयोजन में मुख्य यजमान दंपत्ति द्वारा विधिवत भूमिपूजन संपन्न कराया जाएगा। इस आयोजन में एकमी दास गवाचार प्रभु, राधेश मधुर, रितुल एलिक, जेएस मीहान अतिथि रहेंगे। घनश्याम बंसल, नीरज चौरसिया, एकता अग्रवाल, कैलाश गुप्ता, राधेश्याम महेश्वरी, राधेश्याम गर्ग, अरविन्द नागदेव, रमेश ठाकुर, राजीव ठाकुर आदि रहेंगे।

गुदनखोड़ी में विहिप-बजरंग दल की प्रखंड बैठक संपन्न

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

शिव हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड गंजेना द्वारा ग्राम गुदनखोड़ी में एक महत्वपूर्ण प्रखंड बैठक का आयोजन किया गया। प्राचीन और धार्मिक महत्व वाले इस क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों को नई गति देने और सामाजिक चेतना जगाने के उद्देश्य से कार्यकर्ता एकत्रित हुए। वरिष्ठ पदाधिकारियों का रहा मार्गदर्शन बैठक में मुख्य रूप से प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष श्री हिम्मत सिंह ठाकुर एवं निला सह मंत्री श्री सियारन जी ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामकरण गौड़ द्वारा की गई।

इन विषयों पर हुआ मंथन

बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की संगठन का विस्तारक ग्राम स्तर तक संगठन की इकाइयों को सक्रिय करना।युवा शक्ति युवाओं को राष्ट्रवादिक मूल्यों और राष्ट्र सेवा के कार्यों से जोड़ना।सामाजिक समरसता।समाज के सभी वर्गों में एकता और सद्भाव को सुदृढ़ करना।सांस्कृतिक उत्थान।स्थानीय पौराणिक और सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना।इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष वीरन कुशवाह, प्रखंड मंत्री अंकेश यादव, विनोद ठाकुर, जीवन मीणा, मंजीत मीणा, रामबाबू कुशवाह, सुमन कुशवाह, उपदेश यादव, रामराज यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

माघ शुक्ल पक्ष–04, 2082

राजगढ, दिन गुरूवार,दिनांक 22 जनवरी,2026

न्यूज गैलरी

मेहतवाल समाज का रक्तदान शिविर आज

ब्यावरा। मेहतवाल नवयुवक संघ द्वारा हर साल बसंत पंचमी पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस बार भी 23 जनवरी को बसंत पंचमी उत्सव नहीं ही पूर्णतया से मनाया जाएगा। इस दौरान 22 जनवरी को रक्तदान शिविर को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि यह प्रातः रक्तदान शिविर है। बसंत उत्सव से पूर्व 22 जनवरी को संस्था द्वारा निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

26 जनवरी पर स्कूलों में होगा विशेष भोज

राजगढ। शासन के निर्देश पर गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पर जिले की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। विशेष भोज के अंतर्गत विद्यार्थियों को सब्जी पूरी, खीर अथवा सब्जी, पूरी, हलवा परोसा जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को लड्डूओं का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम की सुगमता एवं व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए संबंधित अधिकारीगण अपनी–अपनी आवंटित शालाओं में उपस्थित रहकर निर्वहन करेंगे।

जल निगम ने शुरू की टंकियों, प्लांट की सफाई, 30 तक पूरा होगा काम

राजगढ। इंदौर में दूषित जल के कारण हुई त्रासदी के बाद अब प्रदेश भर में स्वच्छ जल वितरण को लेकर प्रयास हो रहे है। इसी को लेकर जिले में जल–निगम के माध्यम से नलों से वितरित होने वाले पानी की सुद्धता के लिए पानी की टंकियों की सफाई का कार्य शुरू किया गया है। इसी कड़ी में निगम द्वारा बोकपुरा–सुजलपुर, डागीण समूह जल प्रदाय योजना में मास्टर बैलेंसिंग रिजर्वायर (एमबीआर) तलवाली की सफाई का कार्य किया। कलेक्टर डॉ. नितीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में यह कार्य किया गया। बताया कि एमबीआर की क्षमता 510 किलोलीटर है, जिससे जोन क्रमांक 2 व 3 की कुल 45 पानी की टंकियों को भरा जाता है। जिससे 100 से ज्यादा गांवों में पानी सप्लाई होता है। जल निगम ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में ट्रीटमेंट प्लांट, इंटेक वेल सहित कुल 30 पानी की टंकियों की सफाई की गई।

राजगढ़ में 84 हनुमान यात्रा के लिए बैठक आज

राजगढ। शहर में पहली बार हो रहे 84 हनुमान यात्रा के आयोजन को लेकर नगरवासियों और श्रद्धालुओं की बैठक आज यानि गुरुवार को शाम 4:30 बजे से पाराशर समिति के परिसर में आयोजित की जाएगी। यात्रा के संयोजक दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में यात्रा की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा होगी। इसमें सभी हनुमान भक्त आमंत्रित है।

संतों का आगमन, किया अनुयायियों ने स्वागत

सुसनेर। 108 श्री लखुराम कुमार जी व 108 श्री प्रियम कुमार जी का आगमन मंगलवार को शाम को सुसनेर में हुआ। वे परसुलिया रोड पर स्थित विट्ठल पाटीदार के निवास पर रुके। प्रवासल में व्यवस्था गुजरात से विहार कर रहे थे इस दौरान अल्प प्रवास के लिये शहर में रुके। विट्ठल पाटीदार के निवास पर नगरवासियों ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर विशेष पूजन किया।

पुल निर्माण रामगंजमंडी–भोपाल रेलवे लाइन के तहत किया जा रहा है ब्रिज का निर्माण

नेवज नदी पर पूर्णता की ओर 38 पिलर पर खड़ा 1.2 किमी लंबा पुल

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

बहुप्रतीक्षित भोपाल–रामगंजमंडी रेल लाइन का काम तेज गति से चल है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्लैगशिप प्रोजेक्ट में शामिल इस रेल परियोजना के राहत राजगढ़ की जीवनदायिनी नेवज नदी पर बने रहे पश्चिम मध्य रेलवे के सबसे बड़े ब्रिज का निर्माण भी अंतिम पूर्णता की ओर है।

1.2 किलोमीटर लंबाई वाले इस ब्रिज का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि इसी मार्च–2026 के अंत तक ब्रिज रेलवे के हैंडओवर कर दिया जाएगा जिसके उपरान्त गाड़ी

विभाग सहित अन्य कार्य आरंभ होंगे। आपको बता दें कि करीब 3 वर्ष पहले इस पुल का निर्माण कार्य आरंभ हुआ था। शुरुआती महीनों में काम अत्यधिक कछुआ गति से रेंग रहा था लेकिन बाद में कंपनी ने कार्य की गति बढ़ाई और यह ब्रिज आगामी दिनों में सम्पूर्ण हो जाएगा। पहले पिलर से आखिरी पिलर तक पूरे इस ब्रिज की लंबाई 1.2 किमी है लेकिन अपर एप्रोच हाइवे का ब्रिज को लेकिन की कुल लंबाई 1.45 किमी के लगभग है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस ब्रिज के निर्माण की पूर्णता अवधि अगस्त–2024 निर्धारित की गई थी जो अब जाकर तैयार हुआ है।

38 पिलरों पर खड़ा है यह भव्यतम ब्रिज

रेलवे मंत्रालय द्वारा इस विशाल ब्रिज के निर्माण का ठेका कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मेसर्स राही इन्फ्राटेक लिमिटेड कंपनी को सौंपा गया था। कंपनी ने 38 पिलर पर इस ब्रिज को खड़ा किया है। एक ही पिलर की ऊंचाई मूलतः से करीब 40 मीटर के करीब है।

अन्य स्थानों पर भी बने रहे छोटे–बड़े पुल

करीब 278 किमी लंबाई वाली भोपाल–रामगंजमंडी रेल परियोजना के तहत इस ब्रिज के साथ ही विभिन्न स्थानों पर करीब 21 छोटे–बड़े अन्य ब्रिजों का निर्माण भी करवाया जा रहा है जिनके निर्माण का ठेका रेलवे ने ब्रिज कन्स्ट्रक्शन से जुड़ी अन्य एजेंसियों को सौंप सका है। यह पुल न केवल इस परियोजना बल्कि पश्चिम मध्य रेलवे का भी सबसे बड़ा पुल बनाया जा रहा है।

फैक्ट फाइल

परियोजना का नाम भोपाल–रामगंज मंडी रेलवे लाइन

ब्रिज की लागत 131 करोड़ 11 लाख

कौन बना रहा है राही इन्फ्राटेक लिमिटेड, कोलकाता

लम्बाई 1.2 किमी

पिलर हैं 38

इनका कहना है

निर्माण की शुरुआत में काफी चुनौतियां थी पर हमारी टीम ने इस बड़े प्रोजेक्ट को साकार कर दिखाया है। आगामी दो–तीन महीनों में हम ब्रिज को रेलवे के हैंडओवर कर देंगे।

– **सागर महासागर, प्रोजेक्ट मैनेजर, राही**

युवक से बर्बरता करने वाले 6 आरोपियों का पुलिस शहर में घुमाया

राजगढ। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनके पैदल ले जाते संवाददाता

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

मोटी की सेवा और जमकर गांव में घूमने का आरोप लगाकर एक नाबालिक पुत्र के कनकौर युवक के साथ की गई बर्बरता के मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। चार दिन पहले बेतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पिलाखा में हुई इस अमानवीय घटना के आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने बाजार में पैदल जुलूस निकालते हुए आमजन को साफ संदेश दिया कि कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कोतवाली थाना प्रभारी अखिलेश शर्मा ने बताया कि सिलौबीपुर के सूडा क्षेत्र निवासी मानसिक रूप से कमजोर युवक दुर्गेश तंवर के साथ ग्राम पिलाखा में मारपीट, अभद्रता और जमकर बंधक बनाने की घटना सामने आई थी। आरोपियों ने युवक से बाल काटे और उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया, जिसका वीडियो खुद बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो सामने आने के बाद पीड़ित युवक की मां द्वारा दी गई शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

रात में अचानक दिखा दुर्गेश, पत्थर भी फेंके

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना से पहले युवक अचानक रात के समय गांव में दिखाई दिया था। आरोपियों का दावा है कि उस युवक युवकों ने उसकी पूछताछ करने का प्रयास किया तो वह पत्थर फेंकने लगा और अपना गला काटने की बात कहने लगा। इसी दौरान पकड़े गए आरोपियों ने खुद के खुद एक मोटुल सीसाल तोड़ते हुए युवक को मारकर उसके साथ मारपीट की और उसके बाल काट दिए। युवक के सिर और चेहरे पर चोट के निशान भी पाए गए। आरोपियों की तरफ यही दलील दी गई कि उन्होंने इस पूरी घटना का वीडियो खुद बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे उनकी पहचान आसानी से हो गई।

पुलिस ने वीडियो देखकर आरोपियों की पहचान की

पुलिस ने एक दिनांक में वीडियो देखकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पवन पुत्र हरी सिंह तंवर, गोविन्द पुत्र जगु तंवर, मोनिस पुत्र खुशबख्त तंवर, भगीरथ पुत्र बृजेलाल तंवर, भगीरथ पुत्र बृजेलाल तंवर और बाबू पुत्र कन्हैयालाल तंवर, सभी निवासी पिलाखा शामिल हैं।

सीएमओ ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण, प्लांट की सफाई करवाई

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

फिल्टर यूनिट और पाइपलाइन की जांच कर साफ–सफाई करवाई गई। निरीक्षण के दौरान सीएमओ इकबार अहमद ने फिल्टर प्लांट की सफाई करवाई गई है। फिल्टर प्लांट की नियमित सफाई, स्टेरीलेशन और जल परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी वार्डों में सप्लाई होने वाले पानी की नियमित जांच की जाए, जिससे लोगों को साफ और स्वच्छ पानी मिल सके।

पॉलीथिन को तलाशने पहुंची नपा की टीम, चंद दुकानों से लेकर लौट आई

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

रविवार्डों बेहतरीन गांवों की सैर और शहर में सफाई की व्यवस्था के बढ़े कारण बने अनावश्यक पॉलिथीन के उपयोग को रोक लगाने के लिए नगर पालिका ने एक बार फिर कार्रवाई शुरू की है। दुकानों से अनावश्यक पॉलिथीन जब्त करने के लिए नगर पालिका की टीम साप्ताहिक बाजार में पहुंची और दुकानदारों के पास रखी पॉलिथीन जब्त की। हालांकि नगर पालिका की यह कार्रवाई औपचारिकता तक ही सीमित नजर आई। कर्मचारियों ने कुछ दुकानों से सीमित मात्रा में पॉलिथीन लेकर कार्रवाई का दिखावा कर दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों शहर में लई गांवों की सैर

पॉलीथिन जब्त कर निकले नपाकर्मी

पॉलिथीन खाने से होने की बात सामने आई थी। इसके बाद नगर पालिका ने शहर में पॉलिथीन प्रतिबंध को लेकर कार्रवाई शुरू की थी। दो दिनों तक अभियान चलाया गया, इस दौरान कुछ दुकानों से

पॉलिथीन जब्त की गई और कुछ पर जुर्माना भी लगाया गया था। इस कार्रवाई के बाद कुछ समय के लिए दुकानदारों ने पॉलिथीन का उपयोग कम कर दिया था, लेकिन नगर पालिका की कार्रवाई दो दिन में ही थम जाने से दुकानदार फिर पहले की तरह पॉलिथीन का उपयोग करने लगे। इसी को देखते हुए नगर पालिका ने दुबारा से दोबारा कार्रवाई शुरू की है। बताया गया है कि यह अभियान अब लगातार जारी रहेगा। इसमें शहर के समाजसेवियों का भी सहयोग लिया जाएगा। साथ ही आगे से निकली का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना और अन्य कड़ी कार्रवाई की योजना भी

नियमों की अनदेखी कर चल रही थी टायर फैक्ट्री, तहसीलदार ने की सील

डीआर संवाददाता ✉ गांगाखेड़ी

तुम्हिया गांव के पास बसाली – पहाड़ी पर टायर फैक्ट्री संचालित हो रही थी। टायर फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं से ग्रामीण परेशान हो रहे थे। धरातल ग्रामीणों का कहना है कि टायर – फैक्ट्री के पास टायर बनाने की अनुमति थी, लेकिन प्रदूषण – नियंत्रण बोर्ड की जानकारी नहीं थी। आरा काटने के गांव वाले जहरीले धुएं के परेशान हो रहे थे।

प्लांट में विभागियों बंद पड़ी है, जिससे निकलने वाला काला धुआं सीधे निर्दोष इलाकों की तरफ रोल रहा है। नियम अनुसार इन कंपनियों में एयर सिस्टम और धूली डिमनियां होनी चाहिए, जिससे धुआं आसपास क्षेत्रों में जाने पाए, लेकिन फैक्ट्री संचालक द्वारा नियमों को दरकिनार कर प्रदूषण किया जा रहा था। जिससे ग्रामीणों ने कंपनियों का खुलकर विरोध किया। साथ ही लोगों को साथ लेने में तहसीलदार ही सही की कुशवाह को सुलझाया तहसीलदार योगेश्वर कटारेवार द्वारा टायर प्लांट पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के कॉल्यूटेंट नहीं देखाई देने पर कार्रवाई की है। इस दौरान प्लांट को सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि एसडीएम गोविंद कुमार दुबे के निर्देश के बाद तहसीलदार ने टायर फैक्ट्री को सील किया है। सुबह–सुबह तहसीलदार योगेश्वर कटारेवार के साथ पटवारी, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की गई। दस्तावेज सही नहीं होने पर फैक्ट्री को सील कर दिया है।

मध्य प्रदेश संपूर्ण कंट्रोल बोर्ड के कानूनन, तथ्यों के खासर नहीं मिले हैं।

पचोर के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय तांगसूड़ो स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ✉ पचोर

पचोर दिल्ली में 16 से 18 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय तांगसूड़ो प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के पचोर नगर के खिलाड़ियों ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही विभिन्न वर्गों में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। परिणा चौरसिया पिता महेश चौरसिया रजत, प्रियदर्शिनी परमार पिता अर्जुनसिंह परमार कांस्य, दिव्यांशी मालवीय पिता रमेश मालवीय रजत, समृद्ध तलसेरा पिता कमल तलसेरा कांस्य, अनामिका

यादव पिता रामदयाल यादव कांस्य पदक प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए टॉप 8 में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। मध्यप्रदेश स्पोर्ट्स एवं राष्ट्रीय तांगसूड़ो फेडरेशन के अध्यक्ष श्री कमल तलसेरा ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 15 राज्यों से 650 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। खिलाड़ियों पर चयन होने पर सचिवर जी तथा स्पोर्ट्स प्राधिकरण जाबिंदा डिस्टर, खिलाड़ियों की कोच कृतिका दुबे, मनोज वर्मा के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

हिंदू सम्मेलन खुजनेर में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन समरसता भोज का आयोजन

सनातन धर्म संस्कृति व मूल्यों की रक्षा करना हम सबका दायित्व रू प्रांत प्रचारक

डीआर संवाददाता ✉ खुजनेर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर खुजनेर नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया इस सम्मेलन में नगर सकल हिन्दू समाज के हजारों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक उपस्थिति की कार्यक्रम के के शुरुआत

अंतर्गत एक ऐतिहासिक व भव्य शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया, जिसमें पूरे नगर को धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण वातावरण से सराबोर कर दिया। शोभायात्रा हिरो वाले मंदिर से प्रारंभ होकर राजगढ़ चौराहा, शिवाजी बाजार, पुराने थाने मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थान तक पहुंची शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों जगह–जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया शोभायात्रा में घोड़े, हाथी, ऊँट पर सवार वीर योद्धाओं के स्वरूप, छत्रपति शिवाजी महाराज, नगर सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, बीटल–लक्ष्मण पर झांकियों आकर्षण का केंद्र रही वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में उत्साह पूर्वक में भाग लिया सम्मेलन के अवसर पर पूरा नगर केसरिया रंग में रंगा हुआ था सकल हिन्दू समाज की एकता व अनुशासन एक मंच पर मौजूद रहे।

हिन्दू समाज का संगठित स्वरूप ही सभी समस्याओं का स्थाई समाधान

विराट हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के प्रांत प्रचारक विनय गुप्ता ने कहा कि हिन्दू समाज की बहन–बेटियों की सुरक्षा के लिए हिन्दू युवकों को आगे आना होगा समाज में समरसता का भाव जागृत करना होगा तथा पर्यावरण स्वच्छता और उत्सवों को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की संस्कृति और गुरुओं की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर बाबा सत्यनारायण गौर महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू समाज का संगठित स्वरूप ही सभी समस्याओं का स्थायी समाधान है जब समाज एकजुट होकर कार्य करता है तभी राष्ट्र और संस्कृति सशक्त होती है। अंतरराष्ट्रीय संवादि प्रान्त अधि बाबा सत्यनारायण गौर ने सम्मेलन अपनी प्रस्तुति का आयोजन किया।

हिंदू सम्मेलन 31 को, तैयारी को लेकर बैठक

डीआर संवाददाता ✉ लखनवास

संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर मंगलवार को ग्राम छोटा लोधीपुरा के चौपाटी मंदिर पर हिंदू सम्मेलन समारोह आयोजित समिति की बैठक जिला संघ प्रचारक दीपक तोमर के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 31 जनवरी, शनिवार को ग्राम लखनवास में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए विस्तार से विचार–विमर्श करते हुए व्यवस्थाओं का बंटवारा किया गया और जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला प्रचारक ने बताया कि सम्मेलन में संत सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शोभायात्रा, बाइक रैली सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।